# उपायुक्त का न्यायालय, गोड्डा।

**अधिहरण वाद संख्या-65/2022-23**

**सरकार**

**बनाम्**

**जयप्रकाश मंडल एवं अन्य**

**—: आदेश :—**

| दिनांक | |
|---|---|
| | सरकारी वकील एवं विपक्षी के विद्वान अधिवक्ता को सुना। अभिलेख का अवलोकन किया।<br><br>मामला पोड़ैयाहाट थाना काण्ड संख्या—105/2022 दिनांक—14.06.2022 से संबंधित है। पुलिस अधीक्षक गोड्डा ने अपने पत्रांक—3892/अप0शा0 दिनांक—24.09.2022 से धारा—379/411/34 भा0द0वि0, 4/54 झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 तथा खान एवं खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम 1957 का नियम 4 एवं 9/13 झारखण्ड खनिज (अवैध खनन पर रोक, परिवहन और भंडारण) नियम 2017 के तहत कांड में जप्त 1. ट्रैक्टर निबंधन सं0—JH17G-3300, ट्रेलर निबंधन संख्या—JH17G-0518, 2. ट्रैक्टर निबंधन सं0—JH17F-3842, ट्रेलर निबंधन संख्या—JH17F-2518 एवं 3. ट्रैक्टर निबंधन सं0—JH17C-4663, ट्रेलर निबंधन संख्या—अंकित नहीं तथा उस पर लदे बालू को राजसात करने के लिए प्रतिवेदन दिया है, जिसके आधार पर वर्तमान वाद की प्रक्रिया प्रारम्भ किया गया है।<br><br>पुलिस अधीक्षक, गोड्डा का प्रतिवेदन है कि वर्तमान कांड वादी मेघलाल टुडू, जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी अभियुक्त 1. ट्रैक्टर निबंधन सं0—JH17G-3300, ट्रेलर निबंधन संख्या—JH17G-0518, 2. ट्रैक्टर निबंधन सं0—JH17F-3842, ट्रेलर निबंधन संख्या—JH17F-2518 एवं 3. ट्रैक्टर निबंधन सं0—JH17C-4663, ट्रेलर निबंधन संख्या—अंकित नहीं, के मालिक एवं चालक के विरूद्ध अवैध रूप से बालू की चोरी कर परिवहन करने में अंकित किया गया है एवं पर्यवेक्षणोपरांत प्रतिवेदन संख्या—02 में इस कांड को धारा—379/411/34 भा0द0वि0, 4/54 झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 तथा खान एवं खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम 1957 का नियम 4 एवं 9/13 झारखण्ड खनिज (अवैध खनन पर रोक, परिवहन और भंडारण) नियम 2017 के तहत प्राथमिकी अभियुक्त 1. ट्रैक्टर निबंधन सं0—JH17G-3300, ट्रेलर निबंधन |

संख्या–JH17G-0518, 2. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17F-3842, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17F-2518 एवं 3. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17C-4663, ट्रेलर निबंधन संख्या–अंकित नहीं, के मालिक एवं चालक के विरूद्ध सत्य पाया गया है तथा काण्ड में जप्त 1. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17G-3300, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17G-0518, के मालिक जयप्रकाश मंडल, पे0–शम्भुनाथ मंडल, सा0–हरियारी, थाना–पोड़ैयाहाट, जिला–गोड्डा, 2. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17F-3842, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17F-2518 के मालिक नन्दकिशोर भगत, पे0–शिव प्रसाद भगत, सा0–हरियारी, थाना–पोड़ैयाहाट, जिला–गोड्डा एवं 3. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17C-4663, ट्रेलर निबंधन संख्या–अंकित नहीं, के मालिक मो0 दिलदार हुसैन, पिता–राहमुद्दीन शेख, सा0–सरकण्डा, थाना–गोड्डा नगर, जिला–गोड्डा के रूप में सत्यापित हुआ है। पुलिस अधीक्षक, गोड्डा ने कांड में जप्त 1. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17G-3300, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17G-0518, 2. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17F-3842, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17F-2518 एवं 3. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17C-4663, ट्रेलर निबंधन संख्या–अंकित नहीं एवं उस पर लदे बालू के विरूद्ध धारा–379/411/34 भा0द0वि0, 4/54 झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 तथा खान एवं खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम 1957 का नियम 4 एवं 9/13 झारखण्ड खनिज (अवैध खनन पर रोक, परिवहन और भंडारण) नियम 2017 के तहत राजसात करने के लिए अनुरोध किया है।

विपक्षीगण को कारण–पृच्छा दायर करने के लिए नोटिश का तामिला कराया गया। विपक्षीगण की ओर से कारण–पृच्छा दाखिल किया गया है।

विपक्षी जय प्रकाश मंडल का कथन है कि विपक्षी के ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17G-3300, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17G-0518 को पोड़ैयाहाट थाना के द्वारा जप्त किया गया है। इसके पश्चात जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा के द्वारा मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज करने के बाद उक्त ट्रैक्टर के मालिक एवं चालक के द्वारा अग्रिम जमानत के लिए माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची में आवेदन दिया। माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा अग्रिम जमानत के लिए अनुमति दी गयी। इसके बाद निम्न न्यायालय के द्वारा उक्त वाहन के मालिक एवं चालक को जमानत मिल गया है और चूँकि जप्त वाहन व्यवसायिक वाहन है एवं जिसके पास सभी वैद्य दस्तावेज उपलब्ध है। विपक्षी जमानत बंध–पत्र दायर करने के

लिए तैयार है। इसलिए जप्त वाहन को राजसात से मुक्त करने की कृपा की जाय।

विपक्षी नन्दकिशोर भगत का कथन है कि जप्त ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17F-3842, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17F-2518 के मालिक एवं चालक को माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के आदेश के आलोक में अग्रिम जमानत मिल गया है। चूँकि जप्त वाहन थाना परिसर में खुले स्थान में पड़ा हुआ है और व्यवसायिक वाहन होने के कारण आर्थिक क्षति हो रहा है। इसलिए जप्त वाहन को मुक्त करने की कृपा की जाय।

विपक्षी दिलदार हुसैन का कथन है कि ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17C-4663, ट्रेलर निबंधन संख्या–अंकित नहीं, के मालिक एवं चालक को माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के आदेश के आलोक में अग्रिम जमानत मिल गया है। चूँकि जप्त वाहन थाना परिसर में खुले स्थान में पड़ा हुआ है और व्यवसायिक वाहन होने के कारण आर्थिक क्षति हो रहा है। इसलिए जप्त वाहन को मुक्त करने की कृपा की जाय।

सरकारी वकील का कथन है कि बालू परिवहन के कारण जप्त वाहन को राजसात करने के लिए वाद चलाया गया है। अवैध बालू प्रश्नगत वाहन द्वारा ले जाने के क्रम में जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा द्वारा जप्त किया गया है। पोड़ैयाहाट थाना काण्ड संख्या–105/2022 दिनांक–14.06.2022, भा0द0वि0 की धारा–379/411/34 तथा झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 की धारा 4/54 तथा खान एवं खनिज अधिनियम 1957 का नियम 4 एवं 9/13 तथा झारखण्ड खनिज परिवहन एवं भंडारण अधिनियम 2017 के तहत जप्त कर पोड़ैयाहाट थाना में रखा गया है। आर्थिक क्षति को देखते हुए शर्तों के आधार पर जप्त वाहन को विमुक्त किया जा सकता है।

उपरोक्त तथ्यों एवं पुलिस अधीक्षक, गोड्डा के प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि विपक्षीगण का जप्त वाहन 1. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17G-3300, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17G-0518, 2. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17F-3842, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17F-2518 एवं 3. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17C-4663, ट्रेलर निबंधन संख्या–अंकित नहीं, को अबंदोवस्त बालू घाट से बालू चोरी कर परिवहन करने में पकड़े जाने पर जप्त किया गया है। विपक्षी के द्वारा वाहन पर लदे अवैध बालू के संबंध में कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि जप्त वाहन अवैध तरीके से बालू चोरी एवं परिवहन में संलिप्त पाया गया है। लेकिन चूँकि जप्त वाहन खुले

स्थान पर पड़ा हुआ है तथा वाहन का उपयोग नहीं होने पर आर्थिक क्षति होने की संभावना है। जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा ने झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 (यथा संशोधित) नियम 54(5) के तहत जुर्माना राशि से संबंधित प्रतिवेदन दिया गया है।

अतः झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 (यथा संशोधित) नियम 54(5) के तहत खनिज मूल्य का दोगुनी राशि एवं पूर्व में संलिप्तता के आलोक में अतिरिक्त दण्ड के राशि, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| वाहन संख्या | पूर्व में अवैध परिवहन में संलिप्तता की संख्या | खनिज एवं खनिज की मात्रा (CFT) | खनिज का मुल्य | खनिज का दुगुनी राशि | अतिरिक्त दण्ड की राशि | कुल दण्ड की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| JH17G-3300 | 0 | 100 | 4000.00 | 8000.00 | 00 | 8000.00 |
| JH17F-3842 | 0 | 100 | 4000.00 | 8000.00 | 00 | 8000.00 |
| JH17C-4663 | 0 | 100 | 4000.00 | 8000.00 | 00 | 8000.00 |

एवं एक–एक लाख रू0 का जमानत बंध–पत्र तथा निम्नलिखित शर्तो से संबंधित शपथ पत्र एवं एक–एक स्थानीय जमानतदार का कागजात के आधार पर जप्त वाहन 1. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17G-3300, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17G-0518, 2. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17F-3842, ट्रेलर निबंधन संख्या–JH17F-2518 एवं 3. ट्रैक्टर निबंधन सं0–JH17C-4663, ट्रेलर निबंधन संख्या–अंकित नहीं, को विमुक्त करने का आदेश दिया जाता है।

1. जब कभी भी न्यायालय को वाहन मालिक/वाहन की आवश्यकता होगी, अविलम्ब न्यायालय के आदेश का पालन करेंगे वो वाहन को न्यायालय में समर्पित करेंगे।
2. वाहन को किसी दुसरे के पक्ष में बिना न्यायालय के आदेश का हस्तांतरण नहीं करेंगे।
3. उक्त वाहन मालिक अपना हस्ताक्षरित आधार कार्ड पर मोबाईल नं0 अंकित कर समर्पित करेंगे।

जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा को आदेश दिया जाता है कि जुर्माना की उपरोक्त राशि, उपरोक्त शर्तो से संबंधित शपथ पत्र एवं एक–एक लाख रू0 का जमानत बंध–पत्र तथा एक–एक स्थानीय जमानतदार से संबंधित कागजात के आधार पर उपरोक्त जप्त वाहन को मुक्त करेंगे तथा इसकी सूचना सभी संबंधित को देंगे।

Digitally signed by Zeeshan Qamer
Date: 2022.12.30 11:34:41 +05:30
Location: 172.25.192.1

लेखापित एवं शुद्ध किया।

उपायुक्त,
गोड्डा।

उपायुक्त,
गोड्डा।

Confiscation No. 65-2022-23